# पंजाब यूनिवर्सिटी में आरएसएस से जुड़े कार्यक्रम का विरोध करते छात्रों और पुलिस में झड़प


## 'पीयू अगेंस्ट सैफ्रोनाइजेशन' के बैनर तले प्रदर्शन, कई छात्र हिरासत में लिए गए

शगुन कश्यप | चंडीगढ़
समर न्यूज़







पंजाब यूनिवर्सिटी (पीयू) परिसर में सोमवार को उस समय तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई, जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े वक्ताओं के प्रस्तावित कार्यक्रम के विरोध में विभिन्न छात्र संगठनों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान छात्रों और पुलिस के बीच झड़प हुई, जिसके बाद पुलिस ने कई छात्रों को हिरासत में ले लिया।

यह प्रदर्शन 'पीयू अगेंस्ट सैफ्रोनाइजेशन' नामक छात्र संगठनों के संयुक्त मंच के बैनर तले किया गया। छात्र संगठनों का आरोप है कि विश्वविद्यालय परिसर में वैचारिक रूप से विवादित कार्यक्रम आयोजित कर कैंपस का "भगवाकरण" करने की कोशिश की जा रही है।

सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में RSS की महिला शाखा की प्रमुख शांता कुमारी और दुर्गा वाहिनी की संस्थापक साध्वी ऋतंभरा के शामिल होने की सूचना थी।

प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना है कि उन्होंने पहले ही कुलपति को ज्ञापन सौंपकर कार्यक्रम रद्द करने की मांग की थी। उनका आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने उन्हें आश्वासन दिया था कि यह कार्यक्रम परिसर के भीतर आयोजित नहीं होगा। हालांकि बाद में उन्हें जानकारी मिली कि कार्यक्रम की तैयारियां विश्वविद्यालय परिसर में जारी हैं, जिसके बाद उन्होंने ऑडिटोरियम तक विरोध मार्च निकालने का फैसला किया।

जब छात्र प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम स्थल की ओर बढ़े तो चंडीगढ़ पुलिस और विश्वविद्यालय सुरक्षा कर्मियों ने भारी बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक दिया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हुई और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। छात्र नेताओं का आरोप है कि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज और बल प्रयोग किया, जिससे कई छात्रों को मामूली चोटें आईं। उनका यह भी दावा है कि धक्का-मुक्की के दौरान कुछ छात्रों के कपड़े तक फट गए। पुलिस ने छात्रों को हिरासत में लेकर सेक्टर-24 पुलिस थाने पहुंचाया।



*छात्र नेता सारा ने कहा प्रस्तावित कार्यक्रम का उद्देश्य आरएसएस की विचारधारा का प्रचार-प्रसार करना था। कार्यक्रम में आरएसएस की महिला शाखा की प्रमुख शांता कुमारी और दुर्गा वाहिनी की संस्थापक साध्वी ऋतंभरा को वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था। हैं। छात्र नेता ने कहा कि ऐसे वक्ताओं को विश्वविद्यालय जैसे शैक्षणिक संस्थान में बुलाना उचित नहीं है।*



*दर्शप्रीत सिंह ने आरोप लगाया कि उन्हें रविवार शाम को जानकारी मिली कि आरएसएस से जुड़े वक्ताओं का कार्यक्रम पंजाब यूनिवर्सिटी परिसर में ही आयोजित किया जाएगा। इसके बाद विभिन्न छात्र संगठनों जब प्रदर्शनकारी कार्यक्रम स्थल की ओर बढ़े तो वहां पहले से भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया, धक्का-मुक्की की और बल प्रयोग किया।*



*हमरा विरोध केवल इस कार्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि वे आरएसएस और उससे जुड़े विभिन्न संगठनों की विचारधारा का विरोध करते हैं। छात्र संगठन धर्म के नाम पर नफरत फैलाने या शैक्षणिक संस्थानों को किसी राजनीतिक या वैचारिक मंच में बदलने की किसी भी कोशिश का वे विरोध करते रहेंगे।*



*विश्वविद्यालय प्रशासन और उच्च अधिकारी वक्ताओं की पृष्ठभूमि से पूरी तरह परिचित थे, फिर भी कार्यक्रम की अनुमति दी गई। यह किसी व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि एक विचारधारा को बढ़ावा देने का प्रयास है। विश्वविद्यालय प्रशासन स्वतंत्र और आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देने के बजाय एक विशेष वैचारिक एजेंडे को आगे बढ़ा रहा है जो कि गलत है।*

## जय जवान, जय किसान पार्टी ने कुलवीर कपूर को खरड़ का हलका इंचार्ज बनाया

समर न्यूज़ | खरड़



जय जवान जय किसान पार्टी ने खरड़ विधानसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। पार्टी ने ऑल इंडिया रेडियो, चंडीगढ़ की सेवानिवृत्त सीनियर ब्रॉडकास्टर, अभिनेत्री और समाजसेवी कुलवीर कपूर "शन्नो" को खरड़ हलके का इंचार्ज नियुक्त किया है। कुलवीर कपूर ने हाल ही में भारतीय जनता पार्टी छोड़कर जय जवान जय किसान पार्टी का दामन थामा है।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मेजर आरपीएस मल्होत्रा ने नियुक्ति पर खुशी जताते हुए कहा, "सुश्री कुलवीर कपूर एक पढ़ी-लिखी, अनुभवी और सम्मानित हस्ती हैं। समाज की भलाई के लिए उनका समर्पण सराहनीय है। उनके पार्टी में शामिल होने और खरड़ की जिम्मेदारी मिलने से हम गर्व महसूस कर रहे हैं।

## दहेज प्रताड़ना केस में लापरवाही पर मंत्री कृष्ण लाल पंवार सख्त

### महिला थाना एसएचओ व एएसआई सस्पेंड करने के निर्देश

मोनिका रावत | पंचकूला
समर न्यूज़

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने सोमवार को सेक्टर-1 स्थित पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में दहेज प्रताड़ना के एक मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी जताते हुए महिला थाना पंचकूला की एसएचओ राजेश कुमारी और एसआई कविता को निलंबित करने के निर्देश दिए।

सेक्टर-15 निवासी मनीषा कुमारी ने शिकायत में बताया कि उन्होंने अपने ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया था। उनका आरोप था कि जांच के दौरान पुलिस ने उनके ससुर का नाम केस में शामिल नहीं किया, जबकि उन्होंने छह लाख रुपये लेने के सबूत भी उपलब्ध कराए थे। इसके बावजूद जांच अधिकारी ने उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की। सुनवाई के दौरान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने पाया कि शिकायत की निष्पक्ष जांच नहीं की गई। उन्होंने कहा कि मामले का एक आरोपी पुलिसकर्मी है, जो वर्तमान में यमुनानगर सीआईए में तैनात है। मंत्री ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि पुलिस ने सही तरीके से कार्रवाई नहीं की और तत्काल एसएचओ राजेश कुमारी व एएसआईकविता को सस्पेंड करने के निर्देश दिए।

बैठक में मौजूद डीसीपी अदिति ने सुझाव दिया कि पहले मामले की जांच कर ली जाए और उसके बाद निलंबन पर निर्णय लिया जाए। इस पर मंत्री ने स्पष्ट कहा, "इनको मैं आज ही सस्पेंड करता हूं। अगर जांच में इनकी कोई भूमिका नहीं मिलती है तो इन्हें फिर बहाल कर देना, लेकिन आज ये सस्पेंड होंगी।" साथ ही उन्होंने दोनों अधिकारियों का मुख्यालय भौंडसी रखने की भी सिफारिश की और कहा कि इन्हें कानून की बेहतर जानकारी की जरूरत है।

## रामदरबार में तेज रफ्तार बीएमडब्लू का कहर जिम से लौट रहे बुलेट सवार युवक की मौत

### सुबह घर लौटते समय हादसा, रामदरबार फेज-2 निवासी प्रथम की मौके पर गई जान

मोनिका रावत | चंडीगढ़
समर न्यूज़



रामदरबार में सोमवार सुबह तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार की चपेट में आने से बुलेट सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान रामदरबार फेज-2 निवासी प्रथम के रूप में हुई है। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई, जबकि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार, प्रथम सोमवार सुबह रोजाना की तरह जिम से वर्कआउट कर बुलेट मोटरसाइकिल पर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि प्रथम गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हादसे की सूचना मिलते ही संबंधित थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि हादसे की पूरी परिस्थितियों और कार चालक की पहचान की जा सके। प्रथम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामला दर्ज कर लिया है।

## पंजाब में मेथाडोन बना नशे के खिलाफ नया हथियार

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब ने गंभीर रूप से सिंथेटिक नशे (ओपिओइड) से जूझ रहे लोगों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त नशा छुड़ाऊ उपचार मेथाडोन मेंटेनेंस थेरेपी (एमएमटी) की शुरुआत की है। मेथाडोन की शुरुआत राज्य की नशों के विरुद्ध उपचार-केंद्रित रणनीति को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

अब तक राज्य में नशा पीड़ितों का इलाज मुख्य रूप से 500 से अधिक आउटपेशेंट ओपिओइड असिस्टेड ट्रीटमेंट (ओओएटी) केंद्रों के माध्यम से ब्यूप्रेनोर्फिन आधारित ओपिओइड सब्सटीट्यूशन थेरेपी से किया जाता था। इस थेरेपी में हानिकारक ओपिओइड की जगह चिकित्सकीय निगरानी के तहत नियंत्रित दवाओं का उपयोग करके नशे के शिकार मरीजों का इलाज किया जाता है। अब, मेथाडोन मेंटेनेंस थेरेपी उन मरीजों के लिए उपचार का एक अतिरिक्त विकल्प मुहैया कराएगी,



जो लंबे समय से सिंथेटिक नशों पर निर्भर हैं और जिन पर मौजूदा इलाज ज्यादा असरदार साबित नहीं हुए हैं। इस समय पंजाब में छह समर्पित मेथाडोन क्लीनिक चालू हैं। ये सरकारी मेडिकल कॉलेज फरीदकोट, सिविल अस्पताल लुधियाना, सरकारी मेडिकल कॉलेज पटियाला व गुरदासपुर, मोहाली व जालंधर के जिला अस्पतालों में बनाए गए हैं।

पंजाब सरकार आने वाले महीनों में छह और एमएमटी केंद्र स्थापित करने की योजना बना रही है, जिससे ऐसे समर्पित केंद्रों की कुल संख्या बढ़कर 12 हो जाएगी। इस संबंध में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डा. बलबीर सिंह ने कहा कि मेथाडोन सुविधाओं का विस्तार राज्य सरकार के नशा विरोधी अभियान 'युद्ध नशे के विरुद्ध' का हिस्सा है।

### ह्यूमन ट्रैफिकिंग के खिलाफ हरियाणा पुलिस की बड़ी कामयाबी

## छह माह में 281 गुमशुदा लोगों को परिवारों से मिलाया, 57 नाबालिग भी सुरक्षित बरामद

मुकुल शर्मा | चंडीगढ़/पंचकुला
समर न्यूज़

हरियाणा पुलिस की राज्य अपराध शाखा के अंतर्गत कार्यरत 22 एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट्स (एएचटीयू) ने वर्ष 2026 के पहले छह महीनों (1 जनवरी से 30 जून) के दौरान सराहनीय कार्य करते हुए 281 गुमशुदा व्यक्तियों का सफलतापूर्वक पता लगाकर उन्हें उनके परिवारों से मिलाया है।

इस उपलब्धि में 57 नाबालिग बच्चों और 224 वयस्कों को सुरक्षित बरामद किया गया, जिससे सैकड़ों परिवारों की खुशियां लौट आईं। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अजय सिंघल ने इस उपलब्धि पर राज्य अपराध शाखा की टीमों को बधाई देते हुए कहा कि प्रत्येक गुमशुदगी के पीछे किसी परिवार की उम्मीद और पीड़ा जुड़ी होती है। हरियाणा पुलिस आधुनिक तकनीक, रणनीतिक खुफिया जानकारी, अंतरराज्यीय समन्वय और त्वरित कार्रवाई के माध्यम से गुमशुदा व्यक्तियों का पता लगाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिलाओं, बच्चों और कमजोर वर्गों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा मानव तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई जारी रहेगी।

राज्य अपराध शाखा के अनुसार बरामद किए गए 57 नाबालिगों में 30 लड़के और 27 लड़कियां शामिल हैं। वहीं 224 वयस्कों में 53 पुरुष और 171 महिलाएं हैं। इनकी तलाश के लिए हरियाणा के अलावा उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में अभियान चलाया गया। जरूरत पड़ने पर नेपाल तक समन्वय स्थापित कर गुमशुदा व्यक्तियों का पता लगाया गया। पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) राज्य अपराध शाखा राकेश आर्या ने बताया कि इस अवधि में एक बेहद भावुक मामले में वर्ष 2019 से लापता एक नाबालिग बच्ची को उत्तर प्रदेश से खोजकर करीब सात वर्ष बाद उसके परिवार से मिलाया गया।

उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस किसी भी गुमशुदगी के मामले को समय बीत जाने के बावजूद बंद नहीं मानती और व्यक्ति के मिलने तक लगातार प्रयास जारी रखती है। आईजी राकेश आर्या ने बताया कि इन सफलताओं के पीछे आधुनिक तकनीक, डिजिटल विश्लेषण, तकनीकी निगरानी, स्थानीय पुलिस, अन्य राज्यों की पुलिस, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों के सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## व्यापारियों की समस्याओं के जल्द समाधान के लिए प्रतिबद्धः डॉ. अंकिता



समर न्यूज़ | मोहाली

जिला प्रशासन की ओर से व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान और कारोबार के लिए बेहतर माहौल तैयार करने के उद्देश्य से जिला प्रशासनिक कॉम्प्लेक्स में अहम बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता सहायक कमिश्नर (जनरल) डॉ. अंकिता कांसल और जिला ट्रेडर्स कमीशन के चेयरमैन रणजीत पाल सिंह ने की।

बैठक में नगर निगम, स्थानीय सरकार विभाग, पावरकॉम, पुलिस विभाग, ड्रेनेज विभाग, गमाडा, पीडब्ल्यूडी सहित विभिन्न विभागों से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई। डॉ. अंकिता कांसल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि व्यापारियों की शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी ढंग से निपटारा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के समाधान में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में जिले के अलग-अलग बाजारों और व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बिजली सप्लाई, सफाई व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन, पार्किंग, स्ट्रीट लाइट, सीवरेज, अवैध कब्जों और नाजायज वेंडिंग सहित कई मुद्दे प्रशासन के समक्ष रखे। डॉ. कांसल ने भरोसा दिलाया कि व्यापारियों की जायज मांगों को संबंधित विभागों के साथ तालमेल कर प्राथमिकता पर हल किया जाएगा।

## सीबीआई अफसर बनकर महिला को किया डिजिटल अरेस्ट , 1.15 करोड़ की साइबर ठगी

### जीरकपुर की महिला को मनी लॉन्ड्रिंग व पोर्नोग्राफी केस में फंसाने की धमकी

- साइबर थाने में अज्ञात आरोपियों पर केस दर्ज

समर न्यूज़। मोहाली




जीरकपुर की एक महिला को सीबीआई और टेलीकॉम विभाग का अधिकारी बनकर ठगों ने कथित तौर पर डिजिटल अरेस्ट में रखा और मनी लॉन्ड्रिंग व पोर्नोग्राफी के फर्जी मामले में फंसाने की धमकी देकर 1.15 करोड़ रुपये ठग लिए।

पीड़िता की शिकायत पर जिला साइबर क्राइम थाना मोहाली ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जीरकपुर निवासी राज रानी ने शिकायत में बताया कि उसे एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई टेलीकॉम विभाग का अधिकारी बताते हुए उसका आधार नंबर सत्यापित किया। आधार संबंधी सही जानकारी बताने पर महिला को कॉल पर भरोसा हो गया। इसके बाद आरोपी ने दावा किया कि उसके नाम पर जारी एक सिम कार्ड का इस्तेमाल पोर्नोग्राफी से जुड़ी सामग्री प्रसारित करने में हुआ है और इस संबंध में कई शिकायतें दर्ज हैं। आरोपियों ने यह भी कहा कि उसका नाम उद्योगपति नरेश गोयल से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सामने आया है और जांच सीबीआई को सौंप दी गई है। ठगों ने महिला पर लगातार दबाव बनाते हुए उसे डिजिटल अरेस्ट में होने की बात कही और निर्देश दिया कि जांच पूरी होने तक वह किसी से संपर्क न करे। गिरफ्तारी और कानूनी कार्रवाई के डर से महिला उनके झांसे में आ गई।

आरोपियों ने जांच और सत्यापन का हवाला देकर उससे बैंक खातों और वित्तीय जानकारी हासिल की तथा अलग-अलग खातों में कुल 1.15 करोड़ रुपये ट्रांसफर करवा लिए। बाद में खुद के साथ ठगी का एहसास होने पर महिला ने जिला साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर बैंक खातों, मोबाइल नंबरों और डिजिटल ट्रांजेक्शन की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ट्रांसफर की गई रकम के लाभार्थियों का पता लगाने और आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।

## फेज-2 मार्केट में मॉसकट स्कूल मार्ट शोरूम का शटर तोड़कर चोरी

समर न्यूज़ | मोहाली

शहर में लगातार बढ़ रही चोरी और स्नेचिंग की घटनाओं के बीच फेज-2 मार्केट में एक और बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। रविवार देर रात करीब 2:15 बजे अज्ञात बदमाशों ने मार्केट स्थित मस्कट स्कूल मार्ट शोरूम को निशाना बनाया। चोर शोरूम के पिछले हिस्से का शटर तोड़कर अंदर घुसे और व्यवस्थित तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

दुकान मालिक अनिल अरोड़ा के अनुसार अगले दिन जब वह दुकान पर पहुंचे तो अंदर का सामान बिखरा हुआ मिला। जांच करने पर पता चला कि चोर दो लैपटॉप, करीब 85 हजार रुपए नकद, सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर, 20 लैपटॉप बैग और एक सीसीटीवी कैमरा चोरी कर ले गए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पता चला कि आरोपी आई-10 कार में आए थे। घटना के बाद दुकानदारों में रोष है और मार्केट एसोसिएशन ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

शटर तोड़कर दुकान में घुसे, सामान पेटियों में भरकर ले गए

सीसीटीवी फुटेज की जांच में सामने आया है कि बदमाश देर रात एक आई-10 कार में मार्केट पहुंचे थे। उन्होंने पहले शोरूम के पिछले हिस्से का शटर तोड़ा और फिर दुकान के अंदर प्रवेश किया। चोरों ने आराम से दुकान की तलाशी ली और कीमती सामान पेटियों में भर लिया।

## विधायक रंधावा ने बसों को हरी झंडी दिखा किया रवाना

समर न्यूज़ | डेराबस्सी

पंजाब सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ स्थान यात्रा योजना के तहत डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 13 आदर्श नगर, वार्ड नंबर 17 जनेतपुर तथा वार्ड नंबर 18 गांव धनौनी के श्रद्धालुओं की 85वीं, 86वीं और 87वीं बस को विधायक सरदार कुलजीत सिंह रंधावा ने श्री हरिमंदिर साहिब, श्री दुर्गियाणा मंदिर व अन्य पवित्र धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि सीएम भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में यह योजना लोगों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने के साथ उन्हें निःशुल्क एवं सुविधाजनक तीर्थ यात्रा का अवसर भी प्रदान कर रही है।

**चयन** विधायक कुलवंत सिंह की अगुवाई में मोहाली से तीर्थ यात्रा पर निकले श्रद्धालु

## मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजनाः मोहाली से श्रद्धालुओं की बसें रवाना

सागर पाहवा | मोहाली
समर न्यूज़



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की लीडरशिप में शुरू की गई मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा स्कीम के तहत आज विधानसभा क्षेत्र मोहाली से श्रद्धालुओं की 3 बसें श्री अमृतसर साहिब के लिए रवाना की गईं।

बसों को हरी झंडी दिखाने के मौके पर सेक्टर-114-अंसल में पत्रकारों से बात करते हुए विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि जब श्रद्धालु ग्रुप के तौर पर एक साथ तीन दिन की तीर्थ यात्रा पर जाते हैं, तो उनके बीच भाईचारे का दायरा बढ़ता है। विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना बंद होने की बात तो दूर, पहले इस यात्रा के तहत केवल एक बस जाती थी, फिर 2 बसें भेजनी शुरू की गईं और अब इस यात्रा के लिए विधानसभा क्षेत्र मोहाली से रोजाना तीन बसें रवाना हो रही हैं, और आने वाले समय में खाटूश्याम, सालासर और हरिद्वार धार्मिक यात्रा के लिए 3 और बसों सहित कुल 6 बसें विधानसभा क्षेत्र मोहाली से रवाना होंगी। आज एक बस सेक्टर-114 से रवाना हुई, जबकि दूसरी बस सेक्टर-69 से रवाना हुई, इसी तरह तीसरी बस गांव नडियाली से रवाना हुई, विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार ने अपने चुनावी वादे पहले ही पूरे कर दिए हैं, वहीं महिलाओं के खाते में 1000 और 1500 प्रति माह देने की योजना भी लागू की गई है।

विधायक कुलवंत सिंह ने यह भी कहा कि विरोधी पार्टी के नेताओं के पास पंजाब की भलाई और विकास के लिए सोचने का एक पल भी नहीं है, जबकि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान हर दिन लोगों के बीच जाकर लोगों की बात सुन रहे हैं और समय रहते लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं, वहीं विकास के कामों को भी अमली जामा पहनाया जा रहा है।

गौरतलब है कि गांव नडियाली में बस को हरी झंडी दिखाने के दौरान मीडिया से बात करते हुए मुख्तार मंत्री तीर्थ यात्रा योजना के मोहाली कोऑर्डिनेटर फूलराज सिंह स्टेट अवार्डी ने कहा कि बेशक, आज बारिश की वजह से खराब मौसम में भी, श्री अमृतसर साहिब के लिए रवाना हो रहे श्रद्धालुओं के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखने लायक था। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत रजिस्ट्रेशन का काम लगातार जारी है। इस मौके पर डॉ. फूलराज सिंह स्टेट अवार्डी के अलावा आम आदमी पार्टी के सीनियर नेता कुलदीप सिंह समाना, डॉ. कुलदीप सिंह, सुखदेव सिंह पटवारी, पार्षद अरुणा वशिष्ठ, राजीव वशिष्ठ, सरपंच दविंदर सिंह, जसपाल सिंह मटौर, करमजीत सिंह दुराली, खुशवीर कौर, मैडम सुखविंदर कौर, तरलोचन सिंह तौची सरपंच, इंदरजीत सिंह बरारी, गुरिंदरजीत सिंह, सिमरनजीत सिंह, रूपिंदर सिंह, सतविंदर सिंह लाला, गुरजंत सिंह, बलवीर सिंह, रणजीत सिंह एडवोकेट प्रितपाल सिंह, कुलदीप सिंह प्रेसिडेंट गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी सेक्टर-69, बलप्रीत सिंह पड्डा और हरपाल सिंह संधू आदि भी मौजूद थे।